**अनुवाद कॉपी जी एंड टी मार्च 2020**

# क्रियातन्त्र के लिए योजना
# प्रतिबंधित के समय बैठक में संख्याएँ!

महामारी हमारे देशों के लिए असाधारण चुनौतियाँ पेश कर रही है। सभी सभाओं में भाग लेने वालों की संख्याओं को गंभीर रूप से प्रतिबंधित कर रहा है। स्कूल और व्यवसाय एक सप्ताह के लिए, यहाँ तक कि महीनों के लिए बंद हो रहे हैं। लोग भोजन और अन्य जरूरत की चीजें जमा कर रहे हैं ताकि उनके पास प्रर्याप्त मात्र में स्टॉक रहे। सभी से अनुरोध किया जा रहा है कि अपना बचव के लिए विशेष ध्यान दे, अपने–अपने घरों में ही रहे, जब घर से बाहर जाते हैं तो लोगों से दुरी बनाएँ रखने कि लिए कहा जा रहा है।

लेकिन हमारे एम.एल.सी. की ''बैठक'' और साथ प्रार्थना करने को नहीं रोकना चाहिए। हमें रचनात्मक होना है! नए और मुफ्त या बहुत सस्ते उपय है जो समूहों को एक साथ काम करने में मदद कर सकता है।

हमारे अमेरिकी नेतृत्व परिषद एक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग उपकरण के मध्यम से ज़ूम मीटिग का अयोजन करता है। हम हर महीने 80 मिनट के लिए मिलते हैं और बहुत सारे काम करने के लिए विशेष चर्चा करते और तरीके सीखते हैं। यह 40 मिनट या उससे कम समय की कॉल या बात करने के लिए मुफ्त है और इससे अधिक कॉल के लिए केवल $15/ MO है। zoom.us

स्काइप भी है। लेकिन जूम का उपयोग करना आसान है क्योंकि आपको वास्तव में उपयोगकर्त्ता का नाम और पासवर्ड का उपयोग करने की आवश्यकता नहीं है। मिटिंग होस्ट सभी को इसमें एक लिंक के साथ एक निमंत्रण भेजता है। उपस्थित लोग केवल लिंक पर क्लिक करते हैं और जूम स्वचालित रूप से इंस्टॉल हो जाता है। इसका उपयोग लैपटॉप, टैबलेट या फोन पर किया जा सकता है।

और जो लोग अधिक टेक्नॅलॉजिकल है, आप आसानी से हमें एक सम्मेलन में कॉल लाइन सेट कर सकते हैं। मैं अपने एक एम.एल.सी. के प्रयोग करता हूँ क्योंकि कई सदस्यों के पास जूम का उपयोग करने के लिए भरोसा करने लाएक बैंडविड्थ याने

इंटरनेट में इनफॉर्मेशन हैंडल कर सके। यह टूल एक फोन कॉल की तरह है सिवाय इसमें हर कोई एक ही समय पर कॉल पर हो सकता है। हम इसमें महीना के लिए मारियानिष्ट के बारे पढ़ाई और चर्चा करते हैं। प्रार्थनाओं को साझा करते है और अपना कार्यक्रम को हर महीना आगे बढ़ाते है। और यह बिल्कुल मुफ्त है! Freeconferencepro.com पर जाएं।

पाठकों, यदि आपके पास एक वर्चुअल टूल है जिसका उपयोग आप ‘‘सामाजिक दूरी’’ बैठकों के इस समय में सहायता हो सकता है, तो कृपया मुझे बताएँ। मैं अगले महीने आपके विचारों को साझा कर सकती हूँ।

## जीवन में उत्सव
## मार्केटा रेली के द्वारा

पृथ्वी पर हर बात का अपना वक्त और हर काम का अपना समय होता है.....मनुष्य के लिए सब से अच्छा यह है कि जीवन भर सुखी रहे और आनन्द मनाये (उपदेशक 3:1,11, 12b)

मेरा बड़ा भाई फा. डेविड फ्लेमिंग एस.एम. का अचानक पिछले महीने का निधन हो गया। वह एक महान, प्रतिभाशाली और अद्‌भुत बड़े भाई थे। वह मेरे लिए एक संरक्षक और आध्यात्मिक मार्गदर्शक थे। मेरा एक छोटा भाई भी है और वह हमलोगों से 7–1/2 वर्ष से अलग है। माइक के जन्म से ठीक पहले डेविड सेंट लुईस में हाई स्कूल की शिक्षा ग्रहण हेतु रवाना हुए थे।

भले ही डेविड और मैं वर्षों से अलग थे, हमारे जीवन का करियर अलग था लेकिन हमने अपने जीवन में राजनीति और धर्म के बारे में अकसार अपने बात–विचारों को साझा करके आनंद लिया करते थे। मैं अपने जीवन में संस्थागत चर्च की दिया निर्देश के बारे अकसार गुस्सा हो जाता था और वह हमेंशा कुछ कोर्सो,या पुस्तकें की सिफारिश करता,या मुझे एक मरियानिष्ट से मिलवाता था। इस तरह जब मैं चर्च छोड़ने के कगार में रहता, वह वापस लाने में या खींचने में सहायक था। मरियम परिवार ही हमें कलीसिया में बने रहने में हमेश मदद किया है। इतना तक कि मैं सोचता था कि अब कलीसिया सुझे स्वागत नहीं करेगा।

डेविड ने ही हमारे परिवार को मारियनिष्ट परिवार से परिचित कराया और हम सभी ने भी उनके बताए अनुसार दुनिया भर में मरियम परिवार के साथ उनका अनुसरण किया क्योंकि उन्होंने ईश्वर की लिए काम किया था। मुझे उनके निधन पर गहरा दुःख महसूस हो रहा है। दुनिया भर में उनके साथ काम करने वाले बहुत सारे मरियानिष्ट परिवार के लोग डेविड के बारे बहुत सारे तरह–तरह के संवेदना भरी रोचक तथ्य, प्रार्थनाएँ भेजीं और स्मरणीय कहाहिनयाँ सुनाई, अच्छी, बुरी, स्मरणीय बातें जो हमारे दिलों को छूती है।

जिस दिन उनकी मृत्यु हुई, मैं अपने कई मरियम परिवार के समुदय  के सदस्यों के साथ एक भेद रोजरी माता विनती की। उसकी सांस धीरे–धीरे नरम हो गई। और आप अब बस वह धीरे से देख सकते थे और शांति के नींद में सदा के लिए भगवान के पास चला गया। यह वही तारीख था हममें से सब कोई चाहेगा कि हमारा जीवन भी इसी तरह शांति पूर्वक प्रभु के पास जाए या हमारा जीवन का भी अंत इसी तरह हो।

तो अब अमेरिका में महामारी की चपेट के साथ, अंतिम संस्कार की व्यवस्था काफी चुनौतीपूर्ण हो गई। फा. क्रिस विटमैन, डेटन और प्रोभीनशियल ऑस्कर वास्क्यू सेंट लुईस में मिलकर योजना बनाए और अंतिम संस्कार की प्रक्रिया को पूरा किये। इस योजना के मुताबिक सेंट एंटोनियो, टेक्सेस के कब्र स्थान में फा. डेविड को बहुत ही संक्षेत मिस्सा पूजा के बाद दफनाया गया। बाद में फा. डेविड के नाम पर विशेष समारोह को आयोजन किया जा सकता है। उस दिन फा. डेविड के नाम पर प्रार्थना सभा किया जा सकता है, उनके नाम पर कहानियाँ सुन सकते, उनका पसंदीता गीन–भजन उनके नाम पर गा सकते और एक साथ प्रीति भोज कर सकते, एक दूसरे के गले लगा सकते, हँस सकते और थोड़ा रो भी सकते हैं।

इसी बीच, अगर कोई डेविड के लिए एक स्मारक बनाने में मदद करना चाहते हैं तो मैं निम्नलिखित सुझाव देता हूँ:

- भारत का जिला – मंत्रालय
  सहायता
- भेजना:
- मरियानिष्ट मिशन
- पी.ओ. बॉक्स 340998

- डेटन, ओएच (OH)

यह कार्यक्रम – REDS

कार्यक्रम – उनके दिल और प्रिय था।

हमारे परिवार के लिए सभी तरह के संतवाना भारी प्रार्थनाएँ भेजने वालों को तहे दिल से धन्यवाद। यह सचमुच में हमारे दिलों को ढढ़ास दिलाता है।

मार्केटा रेली

डेविड फ्लेमिंग की बहन

clm.mlc.northamerica@marianistas.org

# आइए हम प्रार्थना करें....
# मरियानिष्ट विश्व परिवार के साथ

मरियानिष्ट परिवार के प्यारे भाईयों एवं बहनों,
कोरोना वायरस महामारी दुनिया भर में बढ़ रहीं है और बहुत से लोगों के रहन–सहन और आजीविका की स्थितियों को प्रभावित कर रही है।

मरियानिष्ट परिवार के सदस्यों के रूप में, हम सच्चे मन से प्रार्थना करना चाहते हैं कि ईश्वर उन प्रभावितों को साथ ही साथ चिकित्सक, सामाजिक या धार्मिक व्यक्तियों को मदद करें जो उनकी सेवा एवं सहायता कर रहे है।

हम इस प्रार्थना को उन सभी लोगों के साथ जोड़ना चाहते हैं जो वर्तमान में अन्य महामारियों के शिकार हैं, अक्सर हम अपनी प्रार्थनाओं में उन्हें भूल जाते हैं। जैसेः मलेरिया, डेंगू बुखार, इबोला वायरस,....आदि।

हम विनेदन करते हैं कि सभी व्यक्तिगत रूप से या अपनी अभिरूचि से समुदय में, 19 से 25 मार्च तक रोजाना प्रार्थना करें। हम रोजरी का एक भेद बोलें। इस रोजरी के मतलब इस प्रकार हो सकता है।

आइए हम कोरोना वायरस या अन्य गंभीर वर्तमान महामारियों द्वारा जिनका स्वास्थ्य प्रभावित हुआ है उनके स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रार्थना करें।
आइए हम उन लोगों के लिए प्रार्थना करें जो उनकी सहायता कर रहे है।
पोप फ्रांसिस की प्रार्थना (नीचे) दिये गए माता विनती के भेदों को समापन कर सकते हैं।
जो लोग इस प्रार्थना तिथि को और आगे बढ़ाना चाहते है, बढ़ा सकते हैं।
मरियम परिवार के आयाजक वर्ग की अंतर्राष्ट्रीय टीम, एम.एल.सी,
मरियाएल जनरल काउंसिल, ए. एम.

मरियम इमाकुलेट की बेटियों की जेनेरल परिषद एफ.एम.आई
मरियानिष्ट जेनेरल परिषद एस.एम
************************************

## पोप फ्रासिस का प्रार्थना (11मार्च 2020)

हे माँ मरियम आप हमेशा हमरी मुक्ति के लिए हमारे मार्ग पर ज्योति प्रदान करते हैं। हम आप पर भरोसा करते हैं कि बीमारों का चंगाई हो। आप जो क्रूस के नीचे खड़ी प्रभु येसु के क्रूस पर प्राण पीड़ा के करण भी आप अपने विश्वास को बनाए रखते है। आप जानते हैं कि हमें क्या चाहिए और हमें यकीन है कि जिस तरह आप गलीलिया के काना नगर में प्रदान किया और इसी परीक्षण के बाद खुशी और उत्सव हो सकता है। आप जानते हैं कि पिता की इच्छा को पूरा करने के लिए येसु मसीह हमारे पापों के कारण क्रूस उठाये, मर गए और तीसरे दिन जी उठे। आमेन।

हे परमेश्वर की माँ आपकी छात्र–छाया में हमें सुरक्षित रख।
परीक्षा की घड़ी में हमें न त्याग।
और हे धन्य कुँवारी मरियम हमें हर जखमों से बचाए रख।
आमेन।